एक नजर में

## महू ने शानदार मुकाबले में भोपाल को 1-0 से दी शिकस्त



**महू.** मप्र फुटबॉल संघ एवं नेशनल फुटबॉल क्लब महू के संयुक्त तत्वावधान में यहा हाई स्कूल स्टेडियम ग्राउंड पर खेली जा रही मप्र महिला प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में गुरूवार को एक शानदार और कश्मकश भरे मुकाबले में महू ने भोपाल को 1-0 से पराजित कर दिया. यह जानकारी आयोजक नेशनल फुटबॉल क्लब महू के अध्यक्ष अमित शुक्ला एवं सचिव नीरज शर्मा ने दी. उन्होंने बताया कि आज खिलाडियों का उत्साहवर्धन करने के लिए अतिथि के रूप में प्रख्यात फुटबॉलर दीपक भंवर और जग्गी खोड़े उपस्थित थे. मैच कमिश्नर के रूप में सुनील वर्मा (हरदा), रेफरी एसेसर एम कुरैशी (इंदौर) तथा रेफरियों की भूमिका में शाहरुख खान (टीकमगढ़), राहुल गुप्ता (सिंगरोली), अंजल सिंह ठाकुर (बालाघाट), प्रिंस (सिंगरौली), महिला रेफरी में मुस्कान लोवंशी (शिवनी), करिश्मा सिंह (सतना), पूजा वारसी (बालाघाट) उपस्थित रहे. प्रतियोगिता में शुक्रवार को विश्राम रहेगा, लेकिन मप्र प्रीमियर लीग प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में होम पद्धति अनुसार एक मैच खेला जाएगा.

## श्री अमरेश्वर भैरव बाबा का भंडारा हुआ



**महू.** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी भैरव जयंती पर वेटनरी गेट स्थित प्राचीन श्री अमरेश्वर भैरव बाबा मंदिर पर विशाल भंडारा आयोजित किया गया. मंदिर समिति के शरद अमोनिया ने बताया कि महाआरती के बाद प्रसाद वितरण का कार्य प्रारंभ हुआ, जो देर रात तक चलता रहा. इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ लिया. आसपास के क्षेत्र में यह एक मात्र भैरव बाबा का मंदिर है. मंदिर परिसर में शेखर धीमन द्वारा लगातार सुमधुर भजनों की प्रसूति दी जाती रही. आयोजन में मुख्य रूप से पुजारी सिद्धनाथ राठौर, राजेश टीटोरिया, विक्रम दुबे, दीपक मुले, घनश्याम कौशल, मुकेश धीमान, कन्हैया लाखन, सुमित बुंदेला, रामदेव यादव विनोद वर्मा, बबलू पटेल, कमलेश वर्मा, दीपक गेहलोद, दीनू थापा, डॉ. रीता उपमन्यु, लीला पाण्डेय, देवकी शर्मा, रीना दुबे आदि सेवकों का सराहनीय सहयोग रहा. अंत में आभार आयोजन समिति के शरद अमोनिया ने माना।

## श्रीराम कथा में मनाया राम विवाह उत्सव



**महू.** श्री काली माता मन्दिर के पीछे मां शक्ति बिहार कालोनी में चल रही श्रीराम कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं. कथा को सुप्रसिद्ध कथा वाचक विपुल महाराज श्रवण करा रहे हैं. कथा के मुख्य यजमान शिव सनेही शुक्ल ने बताया कि प्रतिदिन कथा में चरित्रानुसार झांकी भी सजाई जा रही है, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहती है. कथा के पांचवें दिन श्रीराम जानकी विवाह उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. अपने प्रवचनों में महाराज जी ने बताया कि राम -जानकी का विवाह आत्मा से परमात्मा का विवाह है. श्रीराम कथा मर्यादा, संस्कार, समर्पण की कथा है, पूर्ण पुरुषोत्तम श्रीराम का चरित्र, माता सीता का त्याग, भरत की तपस्या संसारियों का मार्ग प्रशस्त करती हैं. इसलिए राम कथा को अनुकरणीय कथा कहा गया है. श्रीराम चरित मानस जीने का ग्रंथ है, इसलिए यदि समाज को दिशाहीन होने से बचाना है तो हर व्यक्ति को राम कथा जरूर श्रवण करना चाहिए. कथा पंडाल में जैसे ही श्रीराम जी की बारात आई, भक्तों ने फूलों की बरसात की एवं महाराज जी के भजनों पर भक्त झूमने लगे. आज की कथा के अंत में व्यास पूजन शिवस्नेही शुक्ला, रीता उपमन्यु, जगदीश सुनेर आदि ने किया.

## विकास पुरुष पाटीदार की पुण्यतिथि मनाई



**महू.** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सभी कार्यकर्ताओं के पथ प्रदर्शक और प्रेरणा पुरुष स्व. भेरूलाल पाटीदार की 21वीं पुण्यतिथि संकल्प दिवस के रूप में मनाई गई. इस अवसर पर ग्राम गवली पलासिया स्थित उनके प्रतिमा स्थल एवं भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की. इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश परसावदिया, रामकरण भाबर, महू के पूर्व विधायक अंतर सिंह दरबार, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. रीता उपमन्यु, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोज सिंह ठाकुर, वरिष्ठ नेता आर्य रामलाल प्रजापति, घनश्याम नारोलिया, शेखर बुंदेला आदि मौजूद थे. इस मौके पर सभी वक्ताओं ने स्व. पाटीदार जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए. इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मुकेश पाटीदार, नगर अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, मंडल महामंत्री किशोर चौधरी, शांतिलाल पाटीदार, पूनम चंद कैथवास एवं प्रकाश खंडेलवाल, सरपंच रवि पाटीदार, कमल पाटीदार, वरिष्ठ नेता राधेश्याम बाबूजी, मदनलाल पाटीदार, हीरालाल पाटीदार, मांगीलाल चौधरी, कन्हैयालाल पाटीदार, मोहनलाल आर्य, भंवरसिंह पटेल, जितेंद्र सिंह तंवर, गणेश मुकाती, नारायण मुकाती, ओंकारलाल चौधरी, विष्णु प्रसाद शुक्ला, जीतमल वर्मा, रामस्वरूप गहलोत, विनोद जाट, कैलाश आर्य, कैलाश चौधरी, संतोष काकू, जितेंद्र बाज डोलिया, विजय कवीश्वर, धन्नालाल निनामा, राजेंद्र हर्षवाल, जितेंद्र पाटीदार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे. संचालन सांसद प्रतिनिधि मोहनसिंह रघुवंशी ने किया. आभार मंडल अध्यक्ष मुकेश पाटीदार ने माना.

## मनी के पीछे छिपी रोचक स्टोरीज को सुनाएंगे काज़ा



**इंदौर.** फिक्की फ्लो इंदौर द्वारा 15 नवम्बर को मनी स्टोरीज विषय पे एक विशेष सत्र का आयोजन होने जा रहा है. चेयरपर्सन सीए श्वेता अग्रवाल ने बताया इस विशेष सत्र में वक्ता होंगे सुधाकर काज़ा, जो भारतीय रिज़र्व बैंक नोट मुद्रण लिमिटेड के पूर्व प्रबंध निदेशक एवं रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व प्रिंसिपल चीफ जनरल मैनेजर रह चुके हैं. आयोजन होटल पार्क में दोपहर 3 बजे से शुरू होगा. सत्र में श्री काज़ा कार्यक्रम में वे अपने अनुभवों और पैसों से जुड़ी रोचक कहानियों के माध्यम से यह बताएंगे कि मनी के पीछे कितनी स्टोरीज़ छिपी होती हैं.

## अग्रसेन महासभा का दिवाली मिलन 17 को

**इंदौर.** श्री अग्रसेन महासभा का दीपावली मिलन, 56 भोग एवं अन्नकूट महोत्सव सोमवार 17 नवंबर को शाम 7 बजे से कोकिलाबेन हॉस्पिटल के पास होटल एएफसी निपानिया पर होगा. महासभा के अध्यक्ष कैलाशनारायण बंसल, सचिव राजेश मित्तल एवं संयोजक राजेश गर्ग केटी और प्रमोद बिंदल ने बताया कि इस अवसर पर भगवान श्रीनाथजी को 56 भोग समर्पण एवं महाआरती के पश्चात नर्मदापुरम के आचार्य पं. अविनाश मिश्रा और उनके साथियों द्वारा मां नर्मदा की भव्य महाआरती, शिवशक्ति डांस ग्रुप द्वारा नृत्य प्रस्तुति एवं खरगोन के प्रसिद्ध गायक शुभम तारे और सावन म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों द्वारा मधुर गीतों की प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी.

# पारा फिर 7 .6 डिग्री पर पहुंचा

- शाम को 5 बजे पर 25 डिग्री पर आया, कोल्ड वेव का अंदेशा



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर में कल रात फिर पारा कोल्ड वेव के नजदीक पहुंच गया. दो दिन तापमान बढ़ने के बाद बुधवार रात को पारा 7.6 डिग्री पर आ गया. दिन का तापमान भी 1 डिग्री कम दर्ज हुआ.**

शहर में बुधवार रात का पारा 7.6 डिगी दर्ज हुआ. इसके पहले दो दिन तक रात का 8.6 और 8.2 दर्ज हुआ है. इसी तरह दिन का तापमान भी 28.6 28.9 तक दर्ज हुआ, जो सामान्य से 2 डिग्री कम था. बुधवार रात को मौसम ने फिर करवट ली और रात का तापमान 7.6 डिग्री पर आ गया. यह सीवियर कोल्ड वेव के नजदीक है. यदि पारा 7 डिग्री से कम दर्ज होता है तो उस स्थिति में कोल्ड वेव मानी जाती है. इसी तरह दिन का तापमान भी आज एक डिग्री गिरकर सामान्य से तीन डिग्री कम दर्ज हुआ है. साथ ही आज शाम 4.30 बजे ठंडी हवाएं चलने से पारा 5 बजे बाद फिर कम हो गया. मौसम केंद्र के अनुसार आज शाम 5 बजे पर गिरकर 25 डिग्री पर पहुंच गया. यह सामान्य से 8 डिग्री कम बताया जा रहा है.

**ठंड और बढ़ने की संभावना-** मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की संभावना है. रात में सीवियर कोल्ड वेव दर्ज हो सकती है। दिन के तापमान में भी अब गिरावट दर्ज होगी.

# पुलिस का ऑपरेशन क्लीन महिला आरक्षक पर गिरी गाज

**इंदौर.** पुलिस कमिश्नरेट में लापरवाही और अनुशासनहीनता पर सख्त रवैया जारी है. बाहर के साथ अब अंदर की भी सफाई की जा रही है. ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत एक और पुलिसकर्मी पर गाज गिरी है. गुरुवार को महिला आरक्षक रेखा को सेवा से पृथक कर दिया गया. इससे एक दिन पहले बुधवार को भी एक अन्य पुलिसकर्मी को नौकरी से हटाया था.

सूत्रों के मुताबिक, रेखा लंबे समय से बिना सूचना ड्यूटी से अनुपस्थित थी. लगातार गैरहाजिरी और लापरवाही को गंभीर मानते हुए विभागीय कार्रवाई कर उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया. कमिश्नरेट में इन दिनों अनुशासनहीनता पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है. वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि ड्यूटी में लापरवाही करने वाले किसी भी पुलिसकर्मी को बख्शा नहीं जाएगा. ऑपरेशन क्लीन के तहत अब तक कई पुलिसकर्मी कार्रवाई की जद में आ चुके हैं.

# धारदार तलवार के साथ युवक को पकड़ा

**इंदौर.** हातोद पुलिस ने देर रात एक युवक को अवैध हथियार के साथ पकड़ा है. आरोपी के कब्जे से 32 इंच लंबी लोहे की धारदार तलवार जब्त की गई है. उपनिरीक्षक संजय यादव ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि फेड्स ऑटो गैराज, सोनी पेट्रोल पंप के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में तलवार लिए घूम रहा है. मौके पर दबिश देने पर पुलिस ने मुकेश पिता बद्रीलाल, निवासी भील मोहल्ला हातोद को पकड़ा. उसके पास से 32 इंच लंबी और 1.5 इंच चौड़ी लोहे की धारदार तलवार बरामद की गई, जिसकी कीमत लगभग 700 रुपए बताई गई है. पुलिस ने हथियार जब्त कर आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया है.



# रानीसती मंदिर में मनाया गया मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष नवमी महोत्सव

- 56वें वार्षिक उत्सव पर हजारों श्रद्धालुओं ने लिया माता के दर्शन

**इंदौर.** वायएन रोड स्थित रानीसती मंदिर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में मार्गशीर्ष कृष्णपक्ष नवमी महोत्सव का आयोजन किया गया. सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही.

महोत्सव का शुभारंभ प्रातः महाअभिषेक से हुआ, जिसके पश्चात मंगला आरती संपन्न हुई. इसके बाद जात पूजन और विशेष दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा. इस अवसर पर लगभग 1000 महिलाओं ने अपने घरों से विविध प्रकार के व्यंजन बनाकर मंदिर में प्रस्तुत किए. इन्हीं व्यंजनों का भोग माताजी को लगाया गया और तत्पश्चात इन्हें प्रसादी के रूप में भक्तों में वितरित किया गया. माता रानी का आज का विशेष श्रृंगार फल और सब्जियों से किया गया, जिसने सभी भक्तों का ध्यान आकर्षित किया. शाम को महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें विमल तोड़ी, प्रेमप्रकाश सिंघानिया, चंद्रेश अग्रवाल, सुशील अग्रवाल, जितेंद्र पोद्दार और गोपाल नेमानी सहित हजारों श्रद्धालु शामिल हुए.

# विवाह के पूर्व युवक-युवती अपने रक्त की जांच कराएं

- थैलेसीमिया पर केंद्रित पत्रिका खुशबू के 15वें अंक का लोकार्पण
- सभी को थैलेसीमिया मुक्त भारत बनाने की शपथ दिलाई



इंदौर. एक गरिमामय समारोह में पूर्व सांसद डॉ. रघुनंदन शर्मा ने थैलेसीमिया पर केँद्रित पत्रिका खुशबू के 15वे अंक का लोकार्पण किया. **आयोजन थैलेसीमिया एंड चाइल्ड वेल फेयर ग्रुप, इंदौर ने महात्मा गाँधी स्मृति मेडिकल कालेज सभागृह में किया था. इस मौके पर संस्था अध्यक्ष डॉ. रजनी भंडारी और रघुनंदन शर्मा ने सभी को शपथ दिलाई कि हम अपने परिवार के विवाह योग्य बच्चों की विवाह पूर्व रक्त जांच कराकर उनका थैले सीमिया स्टेट्स पता रखेंगे और अगर उनमें से कोई भी इस बीमारी का वाहक पाया गया तो उसका विवाह किसी वाहक से नहीं करेगे.**

स्वागत संबोधन मे डॉ. रजनी भंडारी ने कहा कि इस आयोजन का मूल उद्देश्य ही यही है कि पूरे देश को थैलेसीमिया मुक्त बनाना है. इंदौर को हमने सफाई में नंबर बना दिया अब बारी थैलेसीमिया मुक्त की है. डॉ. रजनी भंडारी ने आगे कहा कि शासन प्रशासन को चाहिए कि वे विवाह योग्य युवक-युवती की थैलेसीमिया रिपोर्ट को अनिवार्य करें. विवाह के रजिस्ट्रेशन के समय अन्य दस्तावेजो के साथ -साथ थैलीसीमिया रिपोर्ट लगाना भी अनिवार्य किया जाए. जो बच्चे थैलेसीमिया बीमारी से पीड़ित है उनके परिवार के प्रत्येक सदस्य की जांच सरकार को कराना चाहिए.

संचालन पूर्णिमा राउत ने किया और आभार माना संध्या पंचायती ने. इस मौके डॉ. भारत शर्मा, डॉ. अनिल भंडारी, डॉ.अनामिका जैन, किशोर चाँदकी, डॉ. अमित सोलंकी, प्रमोद टंडन, मनीष कानूनगो, लक्ष्मीनारायण पटेल सहित बड़ी संख्या स्कूली बच्चे और उनके परिजन उपस्थित थे.

### सेवा ईश्वर की सबसे बड़ी पूजा

अध्यक्षीय संबोधन में रघुनंदन शर्मा ने कहा कि डॉ. रजनी भंडारी थैलेसीमिया मुक्त भारत अभियान में उत्साह के साथ लगी हुई है. परमात्मा की संतान को जीवनदान देना और उसके जीवन को सुखी बनाने से बड़ा कोई कोई धर्म नही है. डॉ.भंडारी ने समाज को दिशा देने का कार्य किया है. अब समाज के लोगो को इस अभियान में उनकी मदद करना है. पूर्व सांसद कृष्णमुरारी मोघे ने कहा कि सेवा सबसे बड़ी ईश्वर पूजा है और इसमें भी सेवा करना कठिन है. थैलेसीमिया मुक्त ऐसा कार्य है जिसमे परिणाम के लिए धैर्य रखना पड़ता है.

# हर दस में से एक व्यक्ति मधुमेह से प्रभावित

- जनजागरूकता अभियान में आकड़े आए सामने



**इंदौर.** एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. संदीप जुल्का और उनकी टीम ने भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सहयोग से इंदौर में एक विशेष जनस्वास्थ्य और सड़क सुरक्षा जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया गया. इस पहल का उद्देश्य नागरिकों में डायबिटीज़ (मधुमेह) के प्रति जागरूकता बढ़ाना, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच की आदत को प्रोत्साहित करना और साथ ही सड़क सुरक्षा के नियमों का महत्व समझाना था.

कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को देवास नाका से राऊ के बीच स्थित 6 चयनित पेट्रोल पंपों पर किया गया, जहाँ सुबह 9 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक वॉलंटियर द्वारा आमजन के रैंडम ब्लड शुगर टेस्ट किए गए. इस दौरान 500 से ज्यादा लोगों की शुगर जांच की गई. जांच में हर पाँच में से एक व्यक्ति की ब्लड शुगर सामान्य से बड़ी हुई पाई गई, जबकि हर दस में से एक को डायबिटीज पाई गई, दस में से दो लोग इस बात से अनजान थे कि उन्हें डायबिटीज हो सकती हैं. ये आंकड़े इस दिशा में समाज में फैली अनभिज्ञता को दिखाते हैं.

डॉ. संदीप जुल्का ने कहा, डायबिटीज़ को अक्सर 'साइलेंट किलर' कहा जाता है क्योंकि यह बीमारी बिना किसी स्पष्ट लक्षण के हमारे शरीर को धीरे-धीरे प्रभावित करती रहती है. यह आंकड़ा बताता है कि हमें अब केवल इलाज नहीं, बल्कि समय पर जांच और जागरूकता को प्राथमिकता देनी होगी. हर व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में स्वास्थ्य जांच को उतनी ही गंभीरता से शामिल करना चाहिए जितनी से हम रोज़मर्रा के अन्य कार्य करते हैं.

### विशेष सेमीनार का आयोजन 16 को

इसी श्रृंखला में, इंदौर में मधुमेह के वास्तविक कारणों, नियंत्रण और रिवर्सल को समझने के लिए एक विशेष सेमिनार का भी आयोजन किया जा रहा है. मधुमेह (रिवर्सल)- कब, कैसे और क्या कभी नहीं? विषय पर आधारित यह महत्वपूर्ण सत्र 16 नवम्बर को सुबह 11 बजे से 12 बजे तक जाल सभागृह, साउथ तुकोगंज, इंदौर में आयोजित होगा. इसमें शहर के वरिष्ठ एंडोक्राइनोलॉजिस्ट और डायबिटीज़ विशेषज्ञ डॉ. संदीप जुल्का मार्गदर्शन देंगे. सेमिनार में मधुमेह के वास्तविक कारणों, वैज्ञानिक नियंत्रण के तरीकों और रिवर्सल/रिमिशन की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा होगी. संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली से शुगर लेवल नियंत्रित करने और कई मामलों में रिमिशन तक पहुंचने की प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला जाएगा.



# अखंड वेदांत संत सम्मेलन का आयोजन 4 दिसंबर से

- जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ व जगद्गुरू स्वामी रामदयाल जैसे संत आएंगे

**इंदौर.** बिजासन रोड स्थित शहर के प्राचीन अखंड धाम आश्रम पर सात दिवसीय अभा वेदांत संत सम्मेलन का 58वां आयोजन 4 दिसम्बर से प्रारंभ होगा. आश्रम के संस्थापक स्वामी अखंडानंद महाराज की महाआरती के साथ 10 दिसम्बर को सम्मेलन का समापन होगा. इस दौरान देश के जाने-माने संत, विद्वान, आचार्य, महामंडलेश्वर एवं तपोनिष्ठ वक्ता प्रतिदिन दोपहर 3 से 6 बजे तक अपने प्रवचनों की अमृतवर्षा करेंगे.

अखंड धाम आश्रम के महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरुप ने बताया कि सम्मेलन में दोपहर 1 से 3 बजे तक सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न आयोजन भी होंगे. सम्मेलन का शुभारंभ 4 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के जगद्गुरू स्वामी रामदयाल महाराज के मुख्य आतिथ्य एवं जगद्गुरू शंकराचार्य भानपुरा पीठाधीश्वर स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ की अध्यक्षता, वृंदावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद के सानिध्य एवं वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल तथा प्रेमचंद गोयल के विशेष आतिथ्य में होगा. उन्होंने बताया कि समाजसेवी विष्णु बिंदल की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई बैठक में उक्त निर्णय लेते हुए सम्मेलन की तैयारियों पर विचार मंथन किया गया. महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरूप ने बताया कि बैठक में संत राजानंद, हरि अग्रवाल, किशोर गोयल, अशोक गोयल, दीपक जैन टीनू, भावेश दवे, नवनीत शुक्ला, मुरलीधर धामानी, श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव, राजेंद्र सोनी, राजेंद्र गर्ग, डॉ. चेतन सेठिया, दिनेश जिंदल, हनुमान प्रसाद सारडीवाल, जानकीलाल सांखला, आदित्य सांखला, रणधीर दग्धी, परीक्षित पंवार ने भी अपने विचार एवं सुझाव रखे. सम्मेलन में इस बार भी देश के जाने-माने 40 से अधिक संत-विद्वान आएंगे. बैठक में राजेंद्र गुप्ता, श्रीमती पुष्पा यादव, वर्षा जैन आदि ने भी अपने सुझाव रखे। संचालन हरि अग्रवाल ने किया और आभार माना भावेश दवे ने.



# कैदियों ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत नृत्य व गीत की प्रस्तुति दी

इंदौर. केंद्रीय जेल में भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया. कार्यक्रम में पुरुष और महिला कैदियों ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत नृत्य एवं गीत प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया.

जेल अधीक्षक अलका सोनकर के निर्देशन में आयोजित इस समारोह का शुभारंभ मुख्य द्वार पर अतिथियों के स्वागत और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. मुख्य अतिथि सांसद शंकर लालवानी रहे. उनके साथ नगर भाजपा उपाध्यक्ष दीप्ति हाडा, प्रदेश सह-संयोजक खेल प्रकोष्ठ सर्वजीत गौड़, नगर मंत्री स्वाति काशिद सहित अन्य जनप्रतिनिधि और समाजसेवी उपस्थित रहे. लालवानी ने अपने संबोधन में जेल प्रशासन द्वारा सुधार और पुनर्वास की दिशा में किए जा रहे नवाचारों और सामाजिक पुनर्संयोजन के प्रयासों की सराहना की. कार्यक्रम में बंदियों ने वंदे मातरम् की थीम पर देशभक्ति गीत और नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं. संचालन हरप्रीत बक्षी ने किया, जबकि आयोजन में उप अधीक्षक इंद्र सिंह नागर, लडिया और वरिष्ठ परिवीक्षा कल्याण अधिकारी अभिषेक दांगी का विशेष योगदान रहा. कार्यक्रम का समापन गायिका शुभांगी परुलकर द्वारा प्रस्तुत वंदे मातरम के मधुर गायन से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को देशभक्ति की भावना से भर दिया.

एक नजर में | सड़क सुरक्षा की नई पहल, दे रहे सुरक्षित ड्राइविंग और यातायात अनुशासन का संदेश

# पुलिस कमिश्नर ने रवाना किए तीन यातायात जागरूकता रथ

**इंदौर. शहर में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जनजागरण के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने तीन नए 'यातायात जागरूकता रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. ये रथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घूमकर नागरिकों को सुरक्षित ड्राइविंग और यातायात अनुशासन का संदेश देंगे.**




कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) अमित सिंह, पुलिस उपायुक्त (यातायात/जोन-4) आनंद कलादगी, पुलिस उपायुक्त (क्राइम) राजेश कुमार त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी व पुलिसकर्मी मौजूद रहे. इस दौरान कमिश्नर सिंह ने कहा कि इन रथों का उद्देश्य नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना है. यातायात नियमों का पालन करना न केवल स्वयं की, बल्कि दूसरों की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है. पहले से ही एक डिजिटल यातायात रथ शहर में सक्रिय है, जबकि अब इन तीन नए रथों के जुड़ने से चार रथ मिलकर शहर के चारों जोनों में प्रमुख चौराहों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में भ्रमण करेंगे.

### चलाया जा रहा ट्रैफिक प्रहरी अभियान भी

रथों में लगे डिजिटल स्क्रीन, फ्लैक्स और ऑडियो-विजुअल सिस्टम के माध्यम से सड़क सुरक्षा से संबंधित लघु फिल्में, वीडियो क्लिप और संदेश प्रदर्शित किए जाएंगे. पुलिस उपायुक्त यातायात/जोन-4 आनंद कलादगी ने बताया कि इंदौर पुलिस नागरिक सहभागिता बढ़ाने के लिए ट्रैफिक प्रहरी अभियान भी चला रही है. इस अभियान से अब तक 1,350 से अधिक जिम्मेदार नागरिक जुड़ चुके हैं, जो शहर में यातायात अनुशासन और सुरक्षा के लिए पुलिस का सहयोग कर रहे हैं.